**दिनांक 01.05.2024**

# वर्ल्ड फूड इंडिया 2024, भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली (19-22 सितंबर, 2024) में एपीडा की भागीदारी

**प्रिय निर्यातक,**

**एपीडा द्वारा** भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में 19-22 सितंबर 2024 तक आयोजित होने वाले **वर्ल्ड फूड इंडिया 2024** में भागीदारी ली जा रही है। वर्ष 2023 में आयोजित डब्ल्यूएफआई का पिछला संस्करण 70,000+ व्यावसायिक प्रतिनिधियों, 800+ प्रदर्शकों, 60+ देशों, 28 राज्यों, 50+ वैश्विक सीईओ और 16000+ बी2बी और बी2जी बैठकों की भागीदारी के साथ काफी सफल रहा था। यह इवेंट अब अखिल विश्व के कृषि उत्पादों के आयातकों और निर्यातकों के बीच अत्यधिक लोकप्रिय भी है।

एपीडा के पास एक पूरा हॉल है जहां कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यातकों के लिए प्रदर्शनी और प्रतिवर्ती क्रेता विक्रेता बैठक (आरबीएसएम) का आयोजन किया जाएगा। हमारी योजना लगभग 100 देशों से लगभग 1000 आयातकों को आमंत्रित करने की है।

प्रदर्शनी को संबंधित बी2बी बैठक क्षेत्र के साथ भारतीय खाद्य उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए सौंदर्यपूर्ण रूप से डिजाइन किया जाएगा। एपीडा पवेलियन में स्थान की उपलब्धता के अनुसार 9 वर्ग मीटर या उससे अधिक आकार के लगभग 200 निर्मित स्टॉल होंगे।

एपीडा पवेलियन के अंतर्गत वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में भाग लेने के लिए एपीडा पंजीकृत सदस्य निर्यातकों से आवेदन आमंत्रित करता है। जिसका लिंक नीचे दिया गया है:-

https://itrack.apeda.gov.in/mda/NewTradeFairApplication.aspx?RequestiD=51726878

आयोजन में भाग लेने के अनुरोध पर 30.06.2024 तक विचार किया जाएगा। यदि आवेदक स्टॉल की उपलब्धता से अधिक है तो निर्यात के लिए उत्पाद की क्षमता को ध्यान में रखते हुए आवंटन किया जाएगा। इस संबंध में अध्यक्ष, एपीडा का निर्णय अंतिम होगा।

पंजीकरण कराने वाले आवेदकों को भागीदारी शुल्क के बारे में अलग से सूचित किया जाएगा।

किसी भी प्रश्न या स्पष्टीकरण के लिए आप श्री निशांत बंसोड़, सहायक प्रबंधक, एपीडा, ईमेल आईडी- nishant@apeda.gov.in और श्री वोहैब आलम, व्यवसाय विकास प्रबंधक, एपीडा, संपर्क विवरण- 9873215723, ईमेल आईडी- vppr@apeda.gov.in से संपर्क कर सकते हैं।

अतिरिक्त आवश्यकता हेतु आप श्री मान प्रकाश विजय, उप महाप्रबंधक, एपीडा, ईमेल आईडी: mpvijay@apeda.gov.in से भी संपर्क कर सकते हैं।

धन्यवाद

भवदीय,

**तरुण बजाज**
**निदेशक (बीईडीएफ)**